PRESS NOTE 09-02-2026

Rajasthan Police

P.D.NITYA, I.P.S.

DEPUTY COMMISSIONER OF POLICE

JODHPUR EAST

Phone No: - 0291-2650700 (O)

Email: - sp-jodc-rj@nic.in,

dcp.east.jodhpur@rajpolice.gov.in

dcpjodhpur.east | dcpeastjodhpur | dcpjodhpureast

- पुलिस थाना एयरपोर्ट टीम द्वारा शिकारगढ़ में हुई नकबजनी की घटना का पर्दाफाश 04 मुलजिमों को किया गिरफ्तार
- शातिर नकबजन हिस्ट्रीशीटर को जोधपुर पुलिस ने चलती बस से गुरूग्राम हरियाणा से जयपुर आते हुए मार्ग से किया दस्तयाब
- शातिर नकबजन हिस्ट्रीशीटर के विरूद्ध पूर्व में भी चोरी व नकबजनी के 02 दर्जन से अधिक मामले है दर्ज

श्रीमती पी.डी. नित्या(आई.पी.एस.), पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व ने बताया कि जोधपुर शहर में बढती चोरी/नकबजनी की वारदातों पर अंकुश लगाने तथा उनका शीघ्र पर्दापाश करने के लिये श्रीमान् ओमप्रकाश(आई.पी.एस.), पुलिस आयुक्त महोदय पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा अनवरत प्रयास कर वारदात का पर्दाफाश कर अंजाम देने वाले 04 मुलजिमों को गिरफ्तार किया गया।

घटना का विवरण:-

दिनांक 30.01.2026 को प्रार्थी केशरसिंह निवासी बासिया तहसील रायपुर जिला ब्यावर हाल निवासी मकान नंबर 164 तिरुपति विहार बोद्धी स्कुल के पास शिकारगढ़ जोधपुर ने पुलिस थाना एयरपोर्ट पर एक लिखित रिपोर्ट पेश की कि दिनांक 29.01.2026 को वह परिवार सहित अपनी भतीजी की शादी में दिन में 04.00 पीएम बजे गांव गये थे। 30.01.2026 को गांव से वापस आये तो घर के मेन गेट का ताला टुटा हुआ था घर के अन्दर प्रवेश कर देखा तो कमरे के अन्दर रखे लोकर का ताला खुला था एवं पलंग के ड्रॉ दराज से लोकर की चाबी गायब थी। लोकर में रखी चार किलो चांदी व 100 ग्राम सेने का बिस्किट, तीन तोले सोने की चेन, चार अंगुठिया, गले का हार, टोपस, बालिए, शीशफुल, पुणच हाथ तथा तीन लाख 50 हजार रुपये नगद को रात्रि में कोई चुरा कर ले गया। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर विशेष टीम का गठन कर तलाश शुरू किया गया।

कार्यवाही पुलिस-

उच्चाधिकारियों द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में श्री विरेन्द्रसिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व व श्री प्रतीकसिहं (आईपीएस) सहायक पुलिस आयुक्त जोधपुर पूर्व के निर्देशन में श्री रामकृष्ण ताडा नि.पु., थानाधिकारी पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम व अन्य थानों के आसूचना कानि. का सहयोग प्राप्त कर घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों व अभय कमाण्ड कन्ट्रोल कैमरो के फुटेज व

तकनिकी तथा पारम्परिक आसूचना तंत्र के आधार पर चोर के चोरी के जाने के रूट का निर्धारण कर चोरी करने के बाद ठहराव स्थल तक पहुचने के लगभग 500 सीसीटीवी केमरे चैक किये जाकर चोर की पहचान मोहित कंसारा रूप में की गई। तत्पश्चात चोर की धरपकड हेतू सम्पर्क सूत्र व तकनिकी आधार पर पर गठित विशेष टीमो द्वारा लगातार रात-दिन अथक प्रयास कर जोधपुर, जयपुर, उदयपुर, भिवाडी, दिल्ली तथा हरियाणा में संभावित स्थानो पर दबिश दी जाकर सहयोगियो सहित दस्तयाब किया गया। चोर से माल मसरूका बरामद किया तथा अन्य वारदात माल मशरूका व चोरी की खुलासा के प्रयास जारी है।

शातिर नकबजन द्वारा स्वीकार की गई अन्य वारदातें

1.प्रकरण संख्या 18/2026 पुलिस थाना कुडी भगतासनी जोधपुर पश्चिम में कार चोरी
2.प्रकरण संख्या 210/2025 व एक अन्य नकबजनी वारदात पुलिस थाना मण्डोर जोधपुर पूर्व में करना

गिरफ्तार मुलजिम :-

1.हिस्ट्रीशीटर मोहित कंसारा पुत्र श्री स्व0 श्री कैलाश चन्द्र जाति कंसारा उम्र 30 साल निवासी - मकराना मौहल्ला पीपली गली माणक चौक पुलिस थाना सदर कोतवाली, जोधपुर पूर्व
2.सदाम पुत्र श्री वकील खान जाति मुसलमान उम्र 29 साल निवासी गांव खेडा जिला अलवर हाल म.न. 176 ए मित्रनगर पुलिस थाना करधनी, जयपुर
3.दीपक पुत्र श्री नन्दकिशोर निवासी खानपुर मेहराना पुलिस थाना सिघाना जिला झुझुनू हाल निवासी झोटवाड़ा, जयपुर
4. अंकित बारासा पुत्र श्री किशोर बारासा निवासी मथानिया, पुलिस थाना मथानिया, जोधपुर पूर्व

कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम--

टीम 01

1. श्री रामखिलाडी हैडकानि 1879 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व
2. श्री भगवान कानि 2666 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व
3. श्री ईमीलाल कानि 2797 पुलिस थाना मण्डोर जोधपुर पूर्व
4. श्री राजुराम कानि. 2420 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व
5. श्रीमती प्रियका मकानि. 2776 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व

टीम 02

01. श्री महेश चन्द हैडकानि. 1849 पुलिस थाना नागौरी गेट जोधपुर पूर्व
02. श्री राजेन्द्र कानि. 2759 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व
03 श्री सुरेश कानि 879 यातायात शाखा जोधपुर
04 श्री बंशीलाल कानि. 2439 पुलिस थाना उदयमंदिर जोधपुर

टीम 03 तकनीकी टीम

01. श्री राकेशसिंह सउनि साईबर सैल पुलिस उपायुक्त पूर्व
02. श्री जितेन्द्रसिहं हैडकानि 1718 साईबर सैल पुलिस उपायुक्त पूर्व
03. श्री देवेन्द्र कानि. 1424 साईबर सैल पुलिस उपायुक्त पूर्व
04. श्री गणपत राम कानि. 1177 साईबर सैल पुलिस उपायुक्त पूर्व
05. श्री लादाराम कानि. 2027 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व